जनसुनवाई में पहुंचे सारंगबिहरी के ग्रामीण, अपात्रों को लाभ और पात्र गरीबों के नाम गायब होने का लगाया आरोप

पीएम आवास योजना की सूची पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई निष्पक्ष जांच की गुहार

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,14 जुलाई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की हितग्राही सूची को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जनपद पंचायत मोहखेड़ अंतर्गत ग्राम पंचायत सारंगबिहरी के ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को शिकायत सौंपते हुए सूची में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने मांग की कि पूरी हितग्राही सूची की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में जारी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की सूची में कई ऐसे लोगों के नाम शामिल हैं, जिनके पास पहले से पक्के एवं सुविधायुक्त मकान हैं या वे योजना की पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करते। वहीं दूसरी ओर ऐसे कई गरीब, कच्चे मकानों में रहने वाले और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के नाम सूची से बाहर कर दिए गए हैं, जो वास्तव में योजना के पात्र हैं। इससे जरूरतमंद परिवार शासन की महत्वपूर्ण आवास योजना से वंचित रह गए हैं।शिकायत में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते सूची का सत्यापन नहीं किया गया तो वास्तविक हितग्राहियों के अधिकार प्रभावित होंगे और योजना का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक हितग्राही का मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन कराया जाए तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर पात्र एवं अपात्र लोगों की सूची का पुनरीक्षण किया जाए।

ग्रामीणों ने कलेक्टर से यह भी मांग की कि जिन अधिकारियों या कर्मचारियों की लापरवाही अथवा अनियमितता के कारण अपात्र लोगों के नाम सूची में शामिल हुए हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही पात्र गरीब परिवारों के नाम तत्काल सूची में जोड़कर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाए।ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य गरीब और बेघर परिवारों को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। यदि पात्र लोगों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा और अपात्र लाभान्वित होंगे तो शासन की मंशा पर सवाल खड़े होंगे। इसलिए प्रशासन को मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों के साथ न्याय करना चाहिए।

कलेक्टर श्री नारायन ने सुनी 247 आवेदकों की समस्यायें

छिन्दवाड़ा। राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है ।कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 247 आवेदकों की समस्यायें सुनी ।इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, नक्शा दुरूस्त करने, अतिक्रमण हटाने एवं नाला गहरीकरण करने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, बिजली पानी की समस्या आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। कलेक्टर श्री नारायन ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम उमरेठ की श्रीमती डॉली विश्वकर्मा ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने, ग्राम बन्धान की श्रीमती मथुरा बाई ने वन भूमि का पट्टा बनवाने, परासिया नगर की श्रीमती रेखा सीताराम खड़से ने आवास एवं आर्थित सहायता दिलाने, ग्राम थांवरी की श्रीमती राजकुमारी ने भूमि का नक्शा दुरूस्त कराने, मोहखेड़ की श्रीमती अंजली रामटेके ने अन्त्येष्टि सहायता राशि आदि।

नगर पालिका परासिया में अनुकंपा नियुक्ति, हर्ष पवार को मिला नियुक्ति पत्र

नवभारत न्यूज

परासिया,14 जुलाई। नगर पालिका परिषद परासिया में कार्यरत स्वर्गीय राजू पवार के निधन के उपरांत उनके पुत्र हर्ष पवार को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने उन्हें सहायक ग्रेड-3 पद का नियुक्ति पत्र सौंपा।

अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया कि ड्यूटी के दौरान स्वर्गीय राजू पवार के निधन के बाद शासन के प्रावधानों के अनुसार उनके आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की प्रक्रिया पूरी की गई। आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद नगर पालिका द्वारा हर्ष पवार को सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्त किया गया।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी नगर पालिका परिषद परासिया में पदस्थ स्वर्गीय सतीश शर्मा के पुत्र वैभव शर्मा तथा स्वर्गीय नंदकिशोर यदुवंशी के पुत्र प्रशांत यदुवंशी को भी अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। अध्यक्ष ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को समयबद्ध तरीके से राहत उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

एक नजर में

कांग्रेस सेवादल ने नगर पालिक निगम पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

छिन्दवाड़ा। कांग्रेस सेवादल ने नगर पालिक निगम कार्यालय पहुंचकर आदर्श गौशाला में व्यवस्थाएं सुधारने व मौजूद गोवंश के समूचित उपचार की मांग की साथ ही अभी तक हुई गौमाता की मौत को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए सम्पूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।कांग्रेस सेवादल ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि पाठाढ़ाना स्थित आदर्श गौशाला में महज 9 दिनों में 21 गायों की मौत के बाद भी निगम प्रशासन नहीं जागा। मौत का सिलसिला जारी है और कोई व्यापक इंतजाम नहीं हुए हैं यह निंदनीय लापरवाही है।इस मामले की जांच कर गौशाला संचालन से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाए। दोषियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाए। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों एवं चिकित्सकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधवत कानूनी कार्रवाई की जाए।

नशे से दूरी है जरूरी 2.0% अभियान का जिले में शुभारंभ

छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा समाज को नशे के अभिशाप से मुक्त करने तथा युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा। यह राज्यव्यापी नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान व्यापक स्तर पर लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने और समाज में सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। अभियान का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ 14 जुलाई को भोपाल स्थित रवींद्र भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया।इसी क्रम में छिंदवाड़ा जिले में अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम 15 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया है।कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए जनजागरूकता गतिविधियों की शुरुआत होगी। अभियान के दौरान जिलेभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां, संवाद, शपथ ग्रहण, विभिन्न गतिविधियों तथा युवाओं एवं आमजन की सहभागिता से नशे के विरुद्ध व्यापक जनअभियान चलाया जाएगा।

बारिश में बीमारियों से बचाव के लिए छात्राओं को किया जागरूक

नगर परिषद बिछुआ ने पीएम श्री कन्या शिक्षा परिसर में चलाया स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज

बिछुआ,14 जुलाई। नगर परिषद बिछुआ द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड क्रमांक 13 स्थित पीएम श्री कन्या शिक्षा परिसर में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को भोजन करने से पहले और बाद में सही तरीके से हाथ धोने के महत्व की जानकारी दी गई। शाला के शिक्षक साहेबराव बिरगड़े ने छात्राओं को हाथ धोने की वैज्ञानिक विधि का प्रदर्शन कर समझाया तथा बताया कि स्वच्छता अपनाकर अनेक संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही बारिश के मौसम में गंदगी से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, सुरक्षित वातावरण बनाए रखने तथा कचरे के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निपटान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को गीला, सूखा, घरेलू खतरनाक और सैनिटरी कचरे को अलग-अलग रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद के स्वच्छता निरीक्षक उत्तम कुमार नर्रे, स्वच्छता पर्यवेक्षक विशाल सोनी, ऑपरेटर देवाराम कडवे, शिक्षिका रजनी चोपड़े सहित नगर परिषद एवं विद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से छात्राओं को स्वच्छता अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

बिछुआ में केंद्रीय विद्यालय की मांग फिर हुई तेज, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

बिछुआ,।आदिवासी विकासखंड बिछुआ में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बिछुआ में शीघ्र केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए शासन स्तर पर आवश्यक अनुशंसा भेजने की मांग की है। उनका कहना है कि सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद वर्षों से मामला लंबित है, जिससे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि बिछुआ आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्र होने के बावजूद आज तक यहां केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है। बेहतर शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को छिंदवाड़ा सहित अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है और बच्चों को भी आवागमन सहित कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ज्ञापनकर्ताओं ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय के लिए ग्राम लोहारबतरी की शासकीय भूमि पहले ही प्रस्तावित की जा चुकी है। खसरा क्रमांक 7/1 की 25.923 हेक्टेयर भूमि में से 4.047 हेक्टेयर भूमि विद्यालय के लिए चिन्हित है। इसके अलावा बिछुआ नगर स्थित पुराने उत्कर्ष विद्यालय परिसर, प्राथमिक कन्या शाला, प्राथमिक बालक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पर्याप्त कक्ष उपलब्ध हैं,

आरक्षक संजीव तेकाम बने प्रधान आरक्षक

नवभारत न्यूज,अमरवाड़ा। अमरवाड़ा पुलिस थाना में पदस्थ आरक्षक संजीव तेकाम को पदोन्नत कर प्रधान आरक्षक बनाया गया। पदोन्नति के अवसर पर अमरवाड़ा थाना प्रभारी (नगर निरीक्षक) राजेंद्र धुर्वे, एसआई ओमेश मार्को एवं एसआई राघवेंद्र उपाध्याय ने उन्हें फित्ती लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान थाना परिसर में गरिमामय माहौल रहा। पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ ने प्रधान आरक्षक संजीव तेकाम को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अमरवाड़ा पुलिस थाने का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

अमरवाड़ा तहसील अधिवक्ता संघ चुनाव

नामांकन से लेकर परिणाम तक पूरा कार्यक्रम घोषित

नवभारत न्यूज

अमरवाड़ा। तहसील अधिवक्ता संघ अमरवाड़ा के चुनाव 2026-28 की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है,जिसके तहत मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से लेकर मतदान और मतगणना तक की सभी तिथियां घोषित कर दी गई हैं। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार,13 जुलाई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इसके बाद 14 से 17 जुलाई तक नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा करने की प्रक्रिया पूरी होगी।

20 और 21 जुलाई को नामांकन पत्रों पर दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जाएगी जबकि 22 जुलाई को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। 23 जुलाई को उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। 24 जुलाई को वैध प्रत्याशियों की अंतिम सूची और चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। इसके बाद 29 जुलाई 2026 को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक मतदान होगा। वहीं शाम 4 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी और परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। 160 मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। तहसील अधिवक्ता संघ अमरवाड़ा के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल है। अब सभी की निगाहें 29 जुलाई को होने वाले मतदान और परिणाम पर टिकी हुई हैं।

एक पैड़ बेटी के नाम से आंगनबाड़ी केंद्र मे किया पौधा रोपण

नवभारत न्यूज, छिंदवाड़ा । जिले की जैवविविधता को बचाने के हर व्यक्ति को कुछ न कुछ पहल करना चाहिए जिससे की जैवविविधता को संरक्षित किया जा सके । महिला एवं बाल विकास शहरी परियोजना एवं स्वंय सेवी संस्था कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा स्थानीय खजरी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 के परिसर को हरा भरा रखने पौधा रोपण एक पेड़ बेटी के नाम की नोडल अधिकारी रंजीता सिंग पर्यवेक्षक शबनम मंसूरी एवं पर्यावरण विद श्यामल राव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भावना साहू सहित स्थानीय महिलाओं की उपस्थिति मे किया गया। शबनम मंसूरी ने बताया की उक्त परिसर मे पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने विभिन्न प्रजातियों के पौधे का रोपण किया गया जिससे की जैवविविधता बनी रहे ।रंजीता सिंग ने कहा की पर्यावरण संरक्षण के लिए लगे हुए वृक्षों का संरक्षण एवं जैवविविधता का संरक्षण करने के लिए अपने घरो मे एक पौधा बेटी के नाम से अवश्य लगाये । श्यामल राव ने कहा की आप अपने घरो पर खाने वाले फलो से निकले आम की गुठली, जामुन , इमली, सीताफल, के बीजो का रोपण खुले जंगलो ,खेत के मेढ़ो एवं टेकड़ी मे कर पर्यावरण संरक्षण मे योगदान देने की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ उपस्थित धात्री महिलाओं को दिलाई ।

सिंगोड़ी स्थित शौचालय बना शोभा की सुपारी

सिंगोड़ी। जवाबदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते हजारों ग्रामीण व यात्री परेशान शौच क्रिया के लिए भटक रहे है। गौरतलब है कि विधानसभा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में शौचालय की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। एक ओर बस स्टैंड क्षेत्र में शौचालय की मांग सालों से की जा रही है, दूसरी ओर पूर्व में बना नव निर्मित शौचालय पिछले साल से रिबिन काटने का इंतजार कर रहा है वही बकरी बाजार के सार्वजनिक शौचालय में कई सालो से ताला लगने से वह शोभा की सुपारी बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय पंचायत की उदासीनता और अधिकारियों की लापरवाही के चलते ग्रामीणों और किसानों एवं यात्रियों सहित अन्य नागरिकों को शौच क्रिया करने शर्मसार होना पड़ रहा है वह जरूरत पर सड़क किनारे या खड़े वाहनों साइट पर क्रिया को कर रहे है। वही आगे बताया गया कि एक वर्ष पहले पशु चिकित्सालय के सामने सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया था। लेकिन आज तक उसे शुरू नहीं किया गया। शौचालय बंद पड़े होने से वहां गंदगी और अव्यवस्था फैल रही है। इतना ही नहीं, हाट-बाजार क्षेत्र में वर्षों से बंद पड़े पुराने शौचालय को भी चालू करने की मांग ग्रामीण लगातार कर रहे हैं। लेकिन पंचायत सहित अन्य लोग इस भारी समस्या की तरफ कतई ध्यान नहीं दे रहे है।

कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन- नपा अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुये की पद से हटाने की मांग

नवभारत न्यूज

दमुआ ,14 जुलाई, दमुआ ब्लाक कांग्रेस कमेटी दमुआ के तत्वाधान में कांग्रेस ने आज उग्र प्रदर्शन करते हुये नपा अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाने के साथ पद मुक्त किये जाने की मांग की, सम्भागीय कार्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग जबलपुर के नाम दिये गये ज्ञापन में 5 सूत्रीयं मांग पत्र के तहत कहा गया कि नपा अध्यक्ष के विरूध्द लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर एवं अन्य कार्यालयों में भ्रष्टाचार की शिकायत की गई थी जिसकी जांच पूर्ण हो गई है उन्होंने अपने सगे सम्बंधियों को अध्यक्ष पद पर रहते हुये नगर पालिका परिषद् दमुआ में कार्य पर रखा जाकर वेतन भुगतान किया गया,उनके यह रिश्तेदार दमुआ में न रहकर जबलपुर में रहते हैं जिसकी जांच कर कार्यवाही किया जाना है,साथ ही नगर पालिका द्वारा दैनिक कर्मचारियों को एरियर्स की राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया, जबकि नगर पालिका में अकुशल एवं अर्धदकुशल, कुशल एवं उच्च कुशल श्रमिकों की प्रतिमाह वृध्दि हुई है कार्यालय श्रम अधिकारी छिन्दवाड़ा का 1 अप्रैल 2024 से 31मार्च 2025 तक की अवधि के एरियर्स राशि का भुगतान दैनिक वेतन श्रमिकों को किया जाना हेतु पत्र प्राप्त हुआ।

एरियर्स की राशि का भुगतान आज तक नहीं हुआ इसी क्रम में नपा अध्यक्ष द्वारा हाईमास्क क्रय किया गया था जिसमें जेम के द्वारा टेंडर प्रक्रिया सम्पादित की गई थी जिसमें हाई मास्क की हाईड 15 मीटर दर्शाई गई थी किन्तु ठेकेदार द्वारा अध्यक्ष के कहने पर 12 मीटर हाईमास्क लगाया गया।

पुरानी साइकिल के कबाड़ से बनाया खेती का नया साथी, कम खर्च में आसान हुई खेत की जुताई और डोरा बनाने की प्रक्रिया

किसान रामाजी डिगरसे ने देसी जुगाड़ से तैयार किया खेतों का अनोखा 'डोरा'

नवभारत न्यूज,

मोहखेड,14 जुलाई ग्राम सारंगबिहरी के किसान रामाजी डिगरसे ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियां भी नए आविष्कार की राह खोल सकती हैं। बैलों की लगातार घटती संख्या और महंगे कृषि उपकरणों के बीच उन्होंने कबाड़ में पड़ी पुरानी साइकिल को नया रूप देकर खेतों में उपयोग होने वाला अनोखा डोरा तैयार किया है। यह देसी जुगाड़ अब आसपास के किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है और कम लागत में खेती का काम आसान कर रहा है।

किसान रामाजी डिगरसे बताते हैं कि पहले खेतों में डोरा बनाने और अन्य कृषि कार्यों के लिए बैलों पर निर्भर रहना पड़ता था। समय के साथ बैलों की संख्या कम होती गई और मजदूरी का खर्च भी बढ़ गया। ऐसे में उन्होंने समस्या का समाधान खोजने का निर्णय लिया। कई दिनों की मेहनत और प्रयोग के बाद पुरानी साइकिल के पहिए, फ्रेम और अन्य कबाड़ सामग्री से उन्होंने ऐसा उपकरण तैयार किया, जो खेतों में आसानी से चलकर डोरा बनाने का काम कर देता है।

आत्मनिर्भर खेती की मिसाल

रामाजी डिगरसे का यह प्रयास केवल एक कृषि उपकरण बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि किसान यदि नई सोच, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ काम करे तो सीमित संसाधनों में भी बड़ी समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है।

कबाड़ की साइकिल बनी खेती की मददगार

जिस साइकिल को लोग बेकार समझकर कबाड़ में डाल चुके थे, वही आज खेतों में रामाजी डिगरसे की सबसे बड़ी सहयोगी बन गई है। यह उपकरण बुवाई के समय सीधी कतारें बनाने, खेत की नाप-जोख करने और डोरा तैयार करने में उपयोगी साबित हो रहा है।इससे खेती का काम पहले की तुलना में अधिक आसान और व्यवस्थित हो गया है।

कम लागत में बड़ा लाभ

इस देसी जुगाड़ की सबसे बड़ी खासियत इसकी कम लागत है। जहां आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने में हजारों रुपये खर्च होते हैं, वहीं रामाजी ने कबाड़ की सामग्री का उपयोग कर बेहद कम खर्च में यह उपकरण तैयार कर लिया। इससे समय की बचत हो रही है, मेहनत कम लग रही है और खेती की लागत भी घट रही है।

दूर-दूर से पहुंच रहे किसान

रामाजी डिगरसे के इस नवाचार की चर्चा अब आसपास के गांवों तक पहुंच गई है। कई किसान उनके खेत पर पहुंचकर इस देसी उपकरण को देख रहे हैं और इसकी कार्यप्रणाली समझ रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि सीमित संसाधनों में किया गया यह नवाचार छोटे और मध्यम किसानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है.

शेषराव यादव ने स्व. रामनाथ ओकटे को दी श्रद्धांजलि

छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे के भाई स्वर्गीय रामनाथ ओकटे की शोकसभा में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर श्री यादव ने शोकाकुल परिवार से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा इस कठिन समय में उन्हें धैर्य एवं संबल बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं और दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति एवं धैर्य प्रदान करें।

Kolhapur Municipal Corporation, Kolhapur
City Water Supply & Drainage Division

e-Tender Notice No. 41 for 2026-27

Kolhapur Municipal Corporation invites e-Tender for the work of Rejuvenation of Lake Rankala UNDER AMRUT 2.0 MISSION Comprehensive in-situ Ecological Rejuvenation of Lake Rankala through Nature based solution through' resurrection of native ecology' for 'restoration of ecosystem services' UNDER AMRUT 2.0 of Kolhapur Municipal Corporation Tal. Karveer Dist. Kolhapur in the State of Maharashtra,

valued at Rs.09.99 Cr. Please visit website www.mahatenders.gov.in for detailed information.

Date: /07/2026

Sd/-
Add.commissioner
Kolhapur Municipal Corporation
Kolhapur